पत्रांकः—568/आर०ओ०

(5)

बिहार पुलिस मुख्यालय,
(कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग)

दिनांक - 17/08/22

प्रेषक,

पुलिस महानिरीक्षक के सहायक (क्यू०),
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः— अल्पकालीन निविदा सूचना सं०—02/आर०ओ०(निविदा) के प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०:—02/आर०ओ०(निविदा) की प्रतियाँ भेजते हुए अनुरोध है कि इसे राज्य के अंदर के प्रमुख समाचार पत्रों में (अंग्रेजी एवं हिन्दी) के अगले दो संस्करणों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय। साथ हीं पी०आर०डी० वेबसाईट तथा बिहार पुलिस विभाग के वेबसाईट पर भी प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

अनु० यथो०।

विश्वासभाजन

पुलिस महानिरीक्षक के सहायक (क्यू०),
बिहार, पटना।

प्रतिलिपिः—

1. अपर पुलिस अधीक्षक(रक्षित), बिहार पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आ०क्रि० प्रेषित।
2. रक्षित पदाधिकारी, बिहार पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आ०क्रि० प्रेषित।
3. आई०टी० प्रबंधक, बिहार पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आ०क्रि० प्रेषित। कृपया संलग्न विज्ञापन सूचना को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ भेजने तथा पुलिस विभाग के वेबसाईट police.bihar.gov.in पर भी प्रकाशित किया जाय।

17/8/22

पुलिस महानिरीक्षक के सहायक (क्यू०),
बिहार, पटना।

(5)

बिहार पुलिस मुख्यालय, सरदार पटेल भवन बेली रोड, पटना–23

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–02/2022–23/आर०ओ०(निविदा)

1. **विभाग का नाम :–** पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार पटना।
2. **विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–** पुलिस महानिरीक्षक के सहायक (क्यू०), बिहार पटना। बिहार पुलिस मुख्यालय, सरदार पटेल भवन, सी०–ब्लॉक, तीसरी मंजिल, कमरा नं०–319, बेली रोड, पटना।
3. **निविदा समर्पित करन की तिथि एव समय:–** निविदा प्रकाशित होने की तिथि से किसी कार्य दिवस में दिनांक–29.08.2022 को 15:00 बजे तक।
4. **निविदा प्राप्ति का स्थान :–** रक्षित प्रशाखा, बिहार पुलिस मुख्यालय, बिहार,पटना। बिहार पुलिस मुख्यालय, सरदार पटेल भवन, ए०–ब्लॉक, भू–तल, कमरा नं०–03, बेली रोड, पटना।
5. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–** दिनांक–29.08.2022 को 16:00 बजे।
6. **निविदा खोलने का स्थान :–** पुलिस महानिरीक्षक के सहायक (क्यू०), बिहार पटना। बिहार पुलिस मुख्यालय, सरदार पटेल भवन, सी०–ब्लॉक, तीसरी मंजिल, कमरा नं०–319, बेली रोड, पटना।
7. **मद का नाम :–** बिहार पुलिस मुख्यालय, सरदार पटेल भवन में रक्षित प्रशाखा के माध्यम से विभिन्न कार्यालयों में अधिष्ठापित प्रिंटर/फोटोकॉपियर/फैक्स मशीनों में उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के टोनर/कार्टिज के दर अनुमोदन के पश्चात् क्रय हेतु।

नोटः–विभिन्न प्रकार के प्रिंटर/फोटोकॉपियर/फैक्स मशीनों में उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के टोनर/कार्टिज की सूची बिहार पुलिस मुख्यालय स्थित रक्षित प्रशाखा, सरदार पटेल भवन, बी०–ब्लॉक, प्रथम–तल, कमरा नं०–110, बेली रोड, पटना से निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस के दिन प्राप्त किया जा सकता है। निविदा हेतु प्रिंटर/फोटोकॉपियर/फैक्स के टोनर/कार्टिज से संबंधित अधिकृत बिक्रेता ही निविदा में भाग लेंगे।

निविदा के शर्त

निविदा के साथ निम्नांकित को संलग्न करना अनिवार्य होगा :–

1. बिहार राज्य में निविदाकर्ता फर्म की GST निबंधन।
2. निविदाकर्ता फर्म का PAN की छायाप्रति।
3. अद्यतन आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
4. उपरोक्त शर्तों के अधीन प्राप्त होने वाले निविदाओं के आधार पर निविदित न्यूनतम मूल्य वाले अधिकृत सेवाप्रदाता/निविदाकर्ता की निविदा को सफल निविदाकर्ता माना जायेगा। सफल निविदाकर्ताओं को टोनर/कार्टिज के मूल्य का प्राक्कलन पुलिस उप–महानिरीक्षक(कार्मिक), बिहार, पटना के नाम से रक्षित कार्यालय, बिहार पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटन में जमा करना होगा। दर अनुमोदन पश्चात् विभिन्न कार्यालयों में अधिष्ठापित प्रिंटर/फोटोकॉपियर/फैक्स मशीनों में उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के टोनर/कार्टिज के क्रय की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकेगी।
5. किसी भी कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि में विभिन्न कार्यालयों में अधिष्ठापित प्रिंटर/फोटोकॉपियर/फैक्स मशीनों में उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के टोनर/कार्टिज की सूची प्राप्त की जा सकती है।
6. इस विज्ञापन को पुलिस विभाग के वेबसाईट police.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।
7. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द घोषित कर सकता है।
8. निविदाकर्ता द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले टोनर/कार्टिज कम्पनी द्वारा बेचे जाने वाले मूल (Genuine) टोनर/कार्टिज होने चाहिए।

17/8/22

पुलिस महानिरीक्षक के सहायक (क्यू०),
बिहार, पटना।